www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

PAPER-III
FOLK LITERATURE

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____
   (Name) _____
2. (Signature) _____
   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

J	7	1	1	4

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **75**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

FOLK LITERATURE
Paper – III

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Folklore which is taken out of context and used for other purposes with or without altering the same is called
(A) Meta folklore
(B) Urban folklore
(C) Applied folklore
(D) Rural folklore

2. William John Thoms defined folklore as the
(A) 'artistic communication in small groups'
(B) 'cultural product of a group of people'
(C) 'behaviour of a group of people'
(D) 'traditional beliefs, legends and customs current among the common people'

3. Narratives that concentrate on representative incidents of named individuals or groups are known as
(A) Episodes (B) Anecdotes
(C) Motifs (D) Allegories

4. What is the functional role of Folklore ?
(A) Religious and Psychological issues are settled
(B) Validation of beliefs and rituals
(C) Legends glorify conduct
(D) All the above

5. "The Folklore of a people can be fully understood only through knowledge of their culture" – is stated by
(A) William Bascom
(B) Malinowski
(C) Franzy Boas
(D) Alan Dundes

6. Panchatantra deals with
(A) Fairy tales
(B) Numskull tales
(C) Moral tales
(D) Religious tales

7. "A group of words which is regularly employed under the same material conditions to express a given essential idea" is known as
(A) Formula (B) Refrain
(C) Chorus (D) Parole

8. One of the well known indigenous tribes of the Eastern Ghats whose traditional economy is hunting-gathering
(A) Garo (B) Chenchu
(C) Bhil (D) Khasi

9. The popular Soap-Opera "Ramayana' is produced by
(A) B.R. Chopra
(B) Rama Naidu
(C) Siddharta Basu
(D) Ramanand Sagar

10. The custom of marrying maternal uncle to his sister's daughter is called
(A) The patrilineal system
(B) The matrilocal system
(C) The avunculate system
(D) The trilineal system

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

लोक साहित्य

प्रश्नपत्र – III

सूचना : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं

1. वह लोकवार्ता जो संदर्भ से अलग की जाती है और उसे परिवर्तन या उसके बिना किसी दूसरे उद्देश्य के लिए प्रयुक्त की जाती है, कहलाती है

(A) अधिलोकवार्ता

(B) नागर लोकवार्ता

(C) अनुप्रयुक्त लोकवार्ता

(D) ग्रामीण लोकवार्ता

2. विलियम जे थाम्स ने लोकवार्ता को किस रूप में परिभाषित किया है ?

(A) छोटे समूहों में कलात्मक संप्रेषण

(B) लोगों के एक समूह का सांस्कृतिक उत्पाद

(C) लोगों के एक समूह का व्यवहार

(D) साधारण लोगों में प्रचलित पारम्परिक विश्वास, दंत कथाएँ और रिवाज

3. नामोल्लिखित व्यक्तियों अथवा समूहों की प्रतिनिधि घटनाओं पर केन्द्रित आख्यान कहलाते हैं

(A) उपाख्यान (B) किस्सा

(C) अभिप्राय (D) रूपक

4. लोकवार्ता की प्रकार्यात्मक भूमिका क्या है ?

(A) धार्मिक और मनोवैज्ञानिक मुद्दों का हल

(B) विश्वासों और कर्मकांडों का वैधीकरण

(C) दन्त कथाएँ आचरण को महिमामंडित करती हैं ।

(D) उपर्युक्त सभी

5. "किसी जन समुदाय की लोकवार्ता को उसकी संस्कृति के ज्ञान से ही समझा जा सकता है ।" यह किसने कहा है ?

(A) विलियम बास्कॉम (B) मैलिनोवस्की

(C) फ्रेंजी बोआस (D) एलन डूंडीस

6. पंचतंत्र का सम्बन्ध किससे है ?

(A) परीकथाएँ

(B) मूर्खों की कहानियाँ

(C) नीति कथाएँ

(D) धार्मिक कथाएँ

7. शब्दों का वह समूह जो प्रदत्त अनिवार्य विचार की अभिव्यक्ति के लिए समान छांदसिक स्थिति में प्रयुक्त होता है, कहलाता है

(A) सूत्र (B) टेक

(C) समूह गान (D) वचन

8. पूर्वी घाट के किस देसी कबीले की पारम्परिक अर्थव्यवस्था शिकार-संग्रह से जुड़ी है ?

(A) गारो (B) चेंचू

(C) भील (D) खासी

9. लोकप्रिय धारावाहिक रामायण का निर्माण किसने किया है ?

(A) बी.आर. चोपड़ा

(B) रामा नायडू

(C) सिद्धार्थ बसु

(D) रामानन्द सागर

10. मामा द्वारा बहन की लड़की से विवाह करने का रिवाज क्या कहलाता है ?

(A) पितृपक्षीय प्रणाली

(B) मातृ स्थानिक प्रणाली

(C) मातुल सम्बन्ध प्रणाली

(D) त्रिरेखीय प्रणाली

11. Performance refers to

(A) A folklore event

(B) A live presentation of an item of folklore

(C) A fleeting existence of the performance

(D) A description of the assemblage of the performers and the acts they perform

12. 'Kangra' painting is the folk art form of

(A) Himachal Pradesh

(B) Uttar Pradesh

(C) Madhya Pradesh

(D) Andhra Pradesh

13. The concept of 'Type' in folktale is propounded by

(A) E.K. Maranda

(B) Antti Aarne

(C) Theodore Benfey

(D) Warren E Roberts

14. Jallikattu is a taming sport of

(A) Camels

(B) Snakes

(C) Goats

(D) Bulls

15. The purpose of Free Association technique of Sigmund Freud is

(A) to deliver the patient from latent dreams.

(B) to probe into the preconscious level of mind.

(C) to discover the unconscious level of mind.

(D) to cognate the process of functioning of mind.

16. Style and Artistry of the folk are the basic features of

(A) Metaphor

(B) Anecdote

(C) Ethnic Slur

(D) Aesthetics

17. The German scholar who worked on Vedic Gods is

(A) Hermann Gundert

(B) Furrer Haimendorf

(C) Gunther Sontheimer

(D) Max Muller

18. 'Language in context' is the field study of

(A) Computational linguistics

(B) Historical linguistics

(C) Sociolinguistics

(D) Generative linguistics

19. "Folklore must be considered from the socio-political point of view as an aid to understanding the hopes and expectations of working masses in the past." – Who said it ?

(A) Lenin (B) Gorky

(C) Sokolov (D) Karl Marx

20. "The materials handed on traditionally may be physical objects, ideas or words" – Who made this statement ?

(A) Marian W. Smith

(B) E.B. Tylor

(C) Archer Taylor

(D) George Hergog

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

11. प्रदर्शन का सम्बन्ध किससे है ?

(A) लोकवार्ता घटना

(B) लोकवार्ता की किसी मद का सीधा प्रदर्शन

(C) प्रदर्शन का संचारी भाव

(D) प्रदर्शकों के जुड़ाव और उनके द्वारा किए गए कार्यों का विवरण

12. कांगड़ा पेंटिंग कहाँ की लोक कला है ?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) उत्तर प्रदेश

(C) मध्य प्रदेश

(D) आन्ध्र प्रदेश

13. लोक कथा में 'प्ररूप' की अवधारणा की स्थापना किसने की ?

(A) ई.के. मारन्दा

(B) अंट्टी आरने

(C) थियोडोर बेनफे

(D) वारेन ई. रोबर्ट्स

14. जालीकाट्टू इनमें से किन को पालतू बनाने का खेल है ?

(A) ऊँट (B) साँप

(C) बकरियाँ (D) बैल

15. फ्रायड की मुक्त साहचर्य पद्धति का उद्देश्य है

(A) रोगी को गुप्त स्वप्नों से मुक्त करने के लिए

(B) मन के चेतना-पूर्व स्तर की छानबीन के लिए

(C) अचेतन मन के स्तर की खोज

(D) मन की कार्य-प्रक्रिया की पहचान

16. लोक की शैली और कलाकारिता किसके आधारभूत तत्त्व हैं ?

(A) रूपक

(B) किस्सा

(C) जातीय अवमूल्यन

(D) सौन्दर्यशास्त्र

17. वैदिक देवों पर किस जर्मन विद्वान ने काम किया है ?

(A) हर्मन गुंदर्त

(B) फ्यूरर हेमनड्रोफ

(C) गुंथर सोंथीमर

(D) मैक्स मूलर

18. 'संदर्भगत भाषा' किसका क्षेत्र-अध्ययन है ?

(A) संगणनात्मक भाषा विज्ञान

(B) ऐतिहासिक भाषा विज्ञान

(C) समाज भाषा विज्ञान

(D) प्रजनक भाषा विज्ञान

19. "समाज राजनैतिक दृष्टिकोण से लोकवार्ता को अनिवार्यत: अतीत में कामगार लोक की आशाओं और अपेक्षाओं को समझने की दृष्टि से देखना चाहिए" यह किसने कहा है ?

(A) लेनिन (B) गोर्की

(C) सोकोलोव (D) कार्ल मार्क्स

20. "पारम्परिक रूप से हस्तांतरित किए जाने वाले पदार्थों में भौतिकवस्तु, विचार और शब्द हो सकते हैं ।" यह किसका कथन है ?

(A) मेरियन डब्ल्यू. स्मिथ

(B) ई.बी. टेलर

(C) आर्चर टेलर

(D) जार्ज हरज़ोग

21. In folk narrative research, the first form of a narrative from which all known variants emerged is called as

I. Original form

II. Ur-form

III. Archetype

IV. Ecotype

Codes :

(A) I and II are correct.

(B) I and III are correct.

(C) III and IV are correct.

(D) II and III are correct.

22. Human bodily communication of signs include

I. Transience

II. Ellipsis

III. Kinesies

IV. Proxemies

Codes :

(A) I and II are correct.

(B) III and IV are correct.

(C) I and III are correct.

(D) II and III are correct.

23. According to Antti Aarne, if a tale has to be a 'type'

I. It has to be independent

II. Should have tradition

III. It has to be complete in itself

IV. Can have one or more motifs

Codes :

(A) I and IV are correct.

(B) I and III are correct.

(C) II and III are correct.

(D) All are correct.

24. The scholars who worked with the synchronic material to develop a theory in folkloristics are :

I. Andrew Lang

II. Albert Lord

III. E.B. Tylor

IV. Alan Lomax

Codes :

(A) I and IV are correct.

(B) I and III are correct.

(C) II and IV are correct.

(D) III and IV are correct.

25. Comparative Mythology is the study of mythology that attempts to reach conclusions through cross-cultural investigation and the advocates of this method include

I. Victor Turner

II. Jacob Grimm

III. Van Gennep

IV. Max Muller

Codes :

(A) II and IV are correct.

(B) I and IV are correct.

(C) II and III are correct.

(D) III and IV are correct.

26. The term animism is used to signify

I. Spirits inherent in animate objects

II. Souls dwelling in purgatory

III. Theory of origin of God-men

IV. Theory of origin of religion

Codes :

(A) I and III are correct.

(B) I and IV are correct.

(C) II and III are correct.

(D) III and IV are correct.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

21. लोक आख्यान शोध में आख्यान का प्रथम रूप जिससे समस्त भेद निकलते थे, क्या कहलाता है ?

I. आरम्भिक रूप
II. उर-रूप
III. आध प्ररूप
IV. प्रथम प्रतिरूप

कूट :

(A) I और II सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) III और IV सही हैं ।
(D) II और III सही हैं ।

22. मानव-शारीरिक संचार में कौन से चिह्न शामिल हैं ?

I. अचर स्थायित्व
II. पदलोप
III. अंगविक्षेप
IV. सानिध्य विधा

कूट :

(A) I और II सही हैं ।
(B) III और IV सही हैं ।
(C) I और III सही हैं ।
(D) II और III सही हैं ।

23. एंट्टी आर्ने के अनुसार एक कथा का कौन सा प्ररूप होना चाहिए ?

I. यह स्वतंत्र हो
II. उसमें परम्परा हो
III. यह स्वयं में पूर्ण हो
IV. उसमें एक या अधिक अभिप्राय हो सकते हैं ।

कूट :

(A) I और IV सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) II और III सही हैं ।
(D) सभी सही हैं ।

24. लोकवार्ता विज्ञान में सिद्धांत के विकास के लिए समकालिक पदार्थ पर किस विद्वान ने कार्य किया है ?

I. एण्ड्रू लांग
II. एल्बर्ट लॉर्ड
III. ई.बी. टेलर
IV. एलन लोमैक्स

कूट :

(A) I और IV सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) II और IV सही हैं ।
(D) III और IV सही हैं ।

25. "तुलनात्मक पुराण विज्ञान अंत: सांस्कृतिक अनुसंधानों से निष्कर्षों तक पहुँचने का प्रयास करता है ।" इसका पक्ष इनमें से किसने लिया है ?

I. विक्टर टर्नर
II. जेकोब ग्रिम
III. वान जेनेप
IV. मैक्स मूलर

कूट :

(A) II और IV सही हैं ।
(B) I और IV सही हैं ।
(C) II और III सही हैं ।
(D) III और IV सही हैं ।

26. जीववाद पद किसको व्यक्त करता है ?

I. प्राणवानों में अन्तर्निहित आत्मा
II. शोधन गृह में उपस्थित आत्मा
III. देव-पुरुषों के उद्‌गम का सिद्धांत
IV. धर्म के उद्‌गम का सिद्धांत

कूट :

(A) I और III सही हैं ।
(B) I और IV सही हैं ।
(C) II और III सही हैं ।
(D) III और IV सही हैं ।

27. According to Alan Dundes Eico types are formed due to

I. Genetic factors

II. Cosmological factors

III. Environmental factors

IV. Cultural factors

Codes :

(A) I, II and IV are correct.

(B) I and III are correct.

(C) II, III and IV are correct.

(D) III and IV are correct.

28. According to Victor Turner a social relationship that differs from the normal social and ideological order of things is known as

I. Liminalitas

II. Communitas

III. Hybriditas

IV. Immunitas

Codes :

(A) I and IV are correct.

(B) I and II are correct.

(C) II and IV are correct.

(D) II and III are correct.

29. The Trickster character figures in

I. Legends

II. Epics

III. Myths

IV. Folktales

Codes :

(A) I and II are correct.

(B) I and III are correct.

(C) III and IV are correct.

(D) II and III are correct.

30. Alan Lomax's choreometrics is a method for describing and rating movement patterns in general qualitative terms to find out

I. Dance theme

II. Dance style

III. Dance type

IV. Dance motifs

Codes :

(A) I, II and IV are correct.

(B) II and III are correct.

(C) II, III and IV are correct.

(D) All are correct.

31. Language is a 'Science of man' because of its

I. Distinctive feature

II. Extra-somatic phenomenon

III. Non-measurability

IV. Psycho-somatic feature

Codes :

(A) I and II are correct.

(B) I and III are correct.

(C) II and III are correct.

(D) III and IV are correct.

32. In North American Universities, folklore was first taught by scholars as part of

I. Literature

II. Ethnology

III. Philosophy

IV. Anthropology

Codes :

(A) I and II are correct.

(B) II and III are correct.

(C) III and IV are correct.

(D) I and III are correct.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

27. एलन डूंडिस के अनुसार आइकोटाइप किस तरह बनते हैं ?

I. जननात्मक कारक
II. ब्रह्माण्डीय कारक
III. वायुमंडलीय कारक
IV. सांस्कृतिक कारक

कूट :

(A) I, II और IV सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) II, III और IV सही हैं ।
(D) III और IV सही हैं ।

28. विक्टर टर्नर के अनुसार एक सामाजिक सम्बन्ध जो सामान्य सामाजिक और आदर्शात्मक व्यवस्था से भिन्न है, इनमें से क्या कहलाता है ?

I. मध्यस्थता
II. समाज-सम्बन्ध-अतिक्रमण
III. संकरण
IV. प्रतिरक्षण

कूट :

(A) I और IV सही हैं ।
(B) I और II सही हैं ।
(C) II और IV सही हैं ।
(D) II और III सही हैं ।

29. छलिया चरित्र इनमें से किसमें आता है ?

I. दंत कथाएँ
II. महाकाव्य
III. पुरा कथा
IV. लोक कथा

कूट :

(A) I और II सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) III और IV सही हैं ।
(D) II और III सही हैं ।

30. एलन लोमैक्स द्वारा प्रयुक्त नृत्यरेखांकन विज्ञान (कोरियोमिट्रिक्स) पद्धति से सामान्य विशेषताओं के आधार वर्णन एवं मूल्यांकन करते हुए किसका पता लगाया जाता है ?

I. नृत्य विषय
II. नृत्य शैली
III. नृत्य प्ररूप
IV. नृत्य अभिप्राय

कूट :

(A) I, II और IV सही हैं ।
(B) II और III सही हैं ।
(C) II, III और IV सही हैं ।
(D) सभी सही हैं ।

31. भाषा किन विशेषताओं के कारण 'मनुष्य का विज्ञान' है ?

I. प्रभेदक विशेषता
II. अतिरिक्त दैहिक
III. अमापनीयता
IV. मनो-दैहिक विशेषता

कूट :

(A) I और II सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) II और III सही हैं ।
(D) III और IV सही हैं ।

32. उत्तर अमेरीकी विश्वविद्यालयों में पहले लोकवार्ता को विद्वान किसके अंग के रूप में पढ़ाते थे ?

I. साहित्य
II. नृजाति विज्ञान
III. भाषा शास्त्र
IV. नृविज्ञान

कूट :

(A) I और II सही हैं ।
(B) II और III सही हैं ।
(C) III और IV सही हैं ।
(D) I और III सही हैं ।

33. The unorganized part of the personality structure that contains a human's basic instinctual drive and unpresentable part of the psyche is termed as

I. Persona
II. Id
III. Ego
IV. Shadow

Codes :

(A) I and IV are correct.
(B) II and IV are correct.
(C) I and III are correct.
(D) II and III are correct.

34. Albert B. Lord is the author of

I. The Singer of Tales
II. Studies in the Epic Technique of Oral Verse-Making
III. The Making of Homeric Verse
IV. Epic Singers and Oral Tradition

Codes :

(A) I and II are correct.
(B) II and III are correct.
(C) I and IV are correct.
(D) III and IV are correct.

35. Identify the correct group of folklorists who made significant contribution to South Indian folklore :

I. Alan Dundes
II. Brenda Beck
III. Peter Claus
IV. Devender Satyarthi

Codes :

(A) II and III are correct.
(B) I and III are correct.
(C) II and IV are correct.
(D) None of the above

36. **Assertion (A) :** Research in social sciences is a systematic approach concerning generalisation and formulation of a theory.

Reason (R) : Folklore research is a careful investigation especially through search for new facts in any aspect of a cultural group for some theoretical formulation.

Codes :

(A) Both (A) and (R) is false.
(B) Both (A) and (R) is true.
(C) (A) is true and (R) is not correct explanation.
(D) (A) is true and (R) is false.

37. **Assertion (A) :** Historic-geographic method was based on the text-critical approach of philology to discover the original form, place of creation, and age of a given item of folklore.

Reason (R) : Geography atlases and environment cartographies are the resultant of the historic-geographic method.

Codes :

(A) (A) is false and (R) is true.
(B) (A) is true and (R) is the correct explanation.
(C) (A) is true and (R) is false.
(D) (A) is false and (R) is the correct explanation.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

33. व्यक्तित्व संरचना का वह असंगठित भाग, जिसमें मनुष्य की आधारभूत सहजवृत्तिक अन्तर्नोद (इन्स्टिक्युअल ड्राइव) और मन का अप्रस्तुत्य भाग होता है, क्या कहलाता है ?

I. मुखक्ट (परसोना)
II. इदम्
III. अहम्
IV. छाया

कूट :

(A) I और IV सही हैं ।
(B) II और IV सही हैं ।
(C) I और III सही हैं ।
(D) II और III सही हैं ।

34. अल्बर्ट बी.लॉर्ड इनमें से किसका लेखक है ?

I. द सिंगर ऑफ टेल्स
II. स्टडीज़ इन द एपिक टैक्नीक ऑफ ओरल वर्स मेकिंग
III. द मेकिंग ऑफ होमैरिक वर्स
IV. एपिक सिंगर्स एण्ड ओरल ट्रेडिशन

कूट :

(A) I और II सही हैं ।
(B) II और III सही हैं ।
(C) I और IV सही हैं ।
(D) III और IV सही हैं ।

35. लोकवार्ताकारों के उस सही समूह को पहचानिए जिन्होंने दक्षिण भारत की लोकवार्ता को महत्त्वपूर्ण योग्दान दिया है :

I. एलन डूंडिस
II. ब्रेंदा बेक
III. पीटर क्लॉस
IV. देवेन्द्र सत्यार्थी

कूट :

(A) II और III सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) II और IV सही हैं ।
(D) इनमें से कोई नहीं

36. **अभिकथन (A)** : सामाजिक विज्ञानों का शोध वह व्यवस्थित मार्ग है, जो सामान्यीकरण और सूत्रीकरण से सम्बद्ध होता है ।

तर्क (R) : लोकवार्ता एक सावधान अनुसंधान है । यह विशेषकर किसी सैद्धांतिक सूत्रीकरण के लिए किसी सांस्कृतिक समूह के नए तथ्यों की तलाश करता है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) सही है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (A) सही है और (R) गलत है ।

37. **अभिकथन (A)** : ऐतिहासिक भौगोलिक पद्धति लोकवार्ता के किसी मद के मूल रूप, रचना के स्थान और युग की खोज के लिए भाषाशास्त्र के पाठालोपन उपागम पर आधारित होती है ।

तर्क (R) : भौगोलिक मान चित्रावली और पर्यावरणीय मानचित्र कला ऐतिहासिक भौगोलिक पद्धति के परिणाम हैं ।

कूट :

(A) (A) गलत है और (R) सही है ।
(B) (A) सही है और (R) सही व्याख्या है ।
(C) (A) सही है और (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. **Assertion (A) :** Evolutionary Theory is based on the assumption that history of culture has been one of advancement or progress form complex to simpler forms.
Reason (R) : Only through contact with a much more advanced culture, a less developed culture can bypass or slip a stage in the evolutionary process of development.
Codes :
(A) (A) is false and (R) is correct explanation.
(B) Both (A) and (R) are false and (R) is not the correct explanation.
(C) (A) is true and (R) is false.
(D) (A) is false and (R) is true.

39. **Assertion (A) :** Graphia is the process of trying to understand, describe, and analyse a cultural group.
Reason (R) : Ethnography is a literary genre and a piece of writing that is about a particular culture.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are false.
(B) (A) is true and (R) is correct explanation.
(C) (A) is true and (R) is not correct explanation.
(D) (A) is false and (R) is correct explanation.

40. **Assertion (A) :** An act or expression that transgresses a culture's ordinary norms of social decorum is known as obscene lore.
Reason (R) : Folk being innocent, pure and religious never produced any obscene lore and therefore it cannot be made as a part of folkloristics.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are false.
(B) (A) is false and (R) is true.
(C) (A) is true and (R) is the correct explanation.
(D) (A) is true and (R) is not the correct explanation.

41. **Assertion (A) :** Manism is a belief in the deification of deceased ancestors.
Reason (R) : According to this hypothesis, ghosts developed into Gods and their offering places into the shrines for ritual propitiation.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are false.
(B) (A) is false and (R) is true.
(C) (A) is true and (R) is the correct explanation.
(D) (A) is true and (R) is not the correct explanation.

42. **Assertion (A) :** Folklorism is a "Process of adaptation, reproduction and transformation of folklore placed in a new social context."
Reason (R) : Folklorism is the conscious recognition and repetition of folk tradition as a symbol of ethnic, regional, or national identity.
Codes :
(A) (A) is true and (R) is the correct explanation.
(B) (A) is false and (R) is true.
(C) (A) is false and (R) is not correct explanation.
(D) (A) is true and (R) is false.

43. **Assertion (A) :** The function of myth is to strengthen tradition and endow a sense of empowerment.
Reason (R) : As it traces it back to a higher, supernatural and make believe reality.
Codes :
(A) (A) is false and (R) is true.
(B) (A) is true and (R) is partial true.
(C) (A) is false and (R) is the correct explanation.
(D) (A) is false and (R) is not the correct explanation.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. **अभिकथन (A)** : क्रम विकास सिद्धांत इस मान्यता पर आधारित है कि संस्कृति का इतिहास जटिल से सरल रूपों की ओर बढ़ता है ।

तर्क (R) : केवल अतिविकसित संस्कृतियों के सम्पर्क से ही अल्पविकसित संस्कृतियाँ क्रम विकास की विकासप्रक्रिया की अवस्था का अतिक्रमण या त्याग कर सकती है ।

कूट :

(A) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है और (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है और (R) सही है ।

39. **अभिकथन (A)** : ग्राफिया एक सांस्कृतिक समूह को समझने, वर्णन करने और विश्लेषण करने की प्रक्रिया है ।

तर्क (R) : नृजातिविज्ञान एक साहित्यिक विधा और रचना है जो किसी विशेष संस्कृति से सम्बद्ध है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) सही है और (R) सही व्याख्या है ।
(C) (A) सही है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या है ।

40. **अभिकथन (A)** : ऐसा कार्य या अभिव्यक्ति जो किसी संस्कृति के सामाजिक शिष्टाचार के सामान्य मानकों का अतिक्रमण करता है, वह अश्लील वार्ता कहलाती है ।

तर्क (R) : निर्दोष, शुद्ध और धार्मिक होने के कारण लोक कभी अश्लील वार्ता का उत्पादन नहीं करते । इसलिए इसे लोकवार्ता विज्ञान का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) गलत है और (R) सही है ।
(C) (A) सही है और (R) सही व्याख्या है ।
(D) (A) सही है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।

41. **अभिकथन (A)** : पितृ पूजा मृत पूर्वजों में देवत्व के आरोपण का विश्वास है ।

तर्क (R) : इस प्राक्कल्पना के अनुसार भूत देवों के रूप में विकसित हो गए और उनके अर्पण-स्थल आनुष्ठानिक आराधना के मंदिर बन गए ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) गलत है और (R) सही है ।
(C) (A) सही है और (R) सही व्याख्या है ।
(D) (A) सही है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।

42. **अभिकथन (A)** : लोकवार्तावाद "लोकवार्ता को नए सामाजिक संदर्भों में रखने के लिए अपनाई गई अनुकूलन, पुनरुत्पादन और रूपान्तरण की प्रक्रिया है ।"

तर्क (R) : लोकवार्तावाद लोकपरम्परा का जातीय, क्षेत्रीय अथवा राष्ट्रीय अस्मीता के रूप में सचेत संज्ञान और आवृत्ति है ।

कूट :

(A) (A) सही है और (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) गलत है और (R) सही है ।
(C) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (A) सही है और (R) गलत है ।

43. **अभिकथन (A)** : मिथक का प्रकार्य परम्परा को सुदृढ़ करना और सशक्तिकरण का भाव प्रदान करना है ।

तर्क (R) : क्योंकि यह उच्च, अतिप्राकृत और विश्वसनीय बना दी गई वास्तविकता की ओर लौटता है ।

कूट :

(A) (A) गलत है और (R) सही है ।
(B) (A) सही है और (R) आंशिक रूप से सत्य है ।
(C) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या है ।
(D) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।

44. **Assertion (A) :** Currently considerable number of folk aesthetic forms in rural India are loosing their existence from their socio-cultural contexts.
Reason (R) : This is due to the effect of popular culture and mass media.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

45. **Assertion (A) :** Gender studies so far probed into the body of behaviours, roles and expectations of only one biological sex.
Reason (R) : Acceptance of Third Gender by the Supreme Court may challenge the existing theories such as rites of passage.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are false.
(B) Both (A) and (R) are true.
(C) (A) is true and (R) is false.
(D) (A) is false and (R) is true.

46. **Assertion (A) :** For constructing oral histories, historians do not discover the facts "out there" but rather construct them through narratives.
Reason (R) : Facts are primarily the domain of language of a particular cultures and constructed by historians in language.
Codes :
(A) (A) is false and (R) is true.
(B) (A) is false and (R) is not correct explanation.
(C) (A) is true and (R) is the correct explanation.
(D) (A) is true and (R) is false.

47. Sequence the scholars who are connected with performance studies :
I. Ben Amos
II. Richard Bauman
III. Victor Turner
IV. Roger Abrahams
Codes :
(A) I, II, IV, III
(B) I, III, II, IV
(C) IV, I, III, II
(D) IV, II, I, III

48. Sequence the deities – Somanatha, Mallikarjuna, Mahakaleswara, Vaidyanatha – with the places
I. Srisailam II. Prabhas Pattan
III. Deogarh IV. Ujjain
Codes :
(A) I, III, II, IV
(B) II, I, IV, III
(C) IV, III, II, I
(D) I, III, IV, II

49. Identify the cultural performances associated with the States of Punjab, Andhra Pradesh, Kerala, Kashmir
I. Naqual
II. Burrakatha
III. Koodiyattam
IV. Bhand Pather
Codes :
(A) III, I, II, IV
(B) II, IV, III, I
(C) IV, III, II, I
(D) I, II, III, IV

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

44. **अभिकथन (A)** : वर्तमान समय में ग्रामीण भारत के बड़ी संख्या में लोक सौन्दर्यात्मक रूप अपने सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों में अस्तित्व खोते जा रहे हैं ।

तर्क (R) : यह लोकप्रिय संस्कृति और जनसंचार माध्यम के प्रभाव के कारण है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है और (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है और (R) सही है ।

45. **अभिकथन (A)** : लिंग-अध्ययन ने अभी तक केवल एक जैविक यौनिकता की भूमिका, व्यवहार और अपेक्षाओं के निकाय में ही जाँच की है ।

तर्क (R) : उच्चतम न्यायालय द्वारा तीसरे लिंग की स्वीकृति जीवन-यात्रा-संस्कार जैसे वर्तमान सिद्धांतों को चुनौती दी जा सकती है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(C) (A) सही है और (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है और (R) सही है ।

46. **अभिकथन (A)** : मौखिक इतिहास की निर्मिति के लिए इतिहास तथ्यों को 'बाहर' नहीं खोजते बल्कि आख्यानों के माध्यम से उनकी निर्मिति करते हैं ।

तर्क (R) : तथ्य प्रधानत: संस्कृति विशेष के भाषा-संसार में रहते हैं और इतिहासकारों द्वारा भाषा में निर्मिति होते हैं ।

कूट :

(A) (A) गलत है और (R) सही है ।

(B) (A) गलत है और (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है और (R) सही व्याख्या है ।

(D) (A) सही है और (R) गलत है ।

47. प्रदर्शन-अध्ययन से जुड़े इन विद्वानों को सही अनुक्रम दीजिए :

I. बेन एमोस

II. रिचर्ड बौमन

III. विक्टर टर्नर

IV. रोज़र अब्राहम

कूट :

(A) I, II, IV, III

(B) I, III, II, IV

(C) IV, I, III, II

(D) IV, II, I, III

48. सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर और वैधनाथ देवों का इन स्थानों से अनुक्रम बताइए

I. श्री सेलम

II. प्रभास पाटन

III. देवगढ़

IV. उज्जैन

कूट :

(A) I, III, II, IV

(B) II, I, IV, III

(C) IV, III, II, I

(D) I, III, IV, II

49. पंजाब, आंध्र प्रदेश, केरल और कश्मीर राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक प्रदर्शनों का इनसे सम्बन्ध बताइए

I. नकल

II. बुरी कथा

III. कूडियट्टम

IV. भांड पाथर

कूट :

(A) III, I, II, IV

(B) II, IV, III, I

(C) IV, III, II, I

(D) I, II, III, IV

50. Geographically arrange the sacred mountains from South to North India :
(A) Nallamalai, Neelakant, Sabarimala, Sahyadris
(B) Sahyadris, Sabarimala, Nallamalai, Neelakant
(C) Sabarimala, Nallamalai, Sahyadris, Neelakant
(D) Neelakant, Sahyadris, Sabarimala, Nallamalai

51. Sequence Shakti Pithas from South to North India :
(A) Kanchi, Srisailam, Kolhapur, Mysore
(B) Kanchi, Mysore, Srisailam, Kolhapur
(C) Kanchi, Kolhapur, Mysore, Srisailam
(D) Mysore, Kanchi, Srisailam, Kolhapur

52. The sequence of Proppian functions that constitute preparatory part of the fairytales
(A) Absentation, interdiction, violation, reconnaissance, delivery, trickery, complicity
(B) Absentation, violation, trickery, interdiction, delivery, reconnaissance, complicity
(C) Absentation, violation, interdiction, delivery, trickery, complicity, reconnaissance
(D) Absentation, violation, interdiction, trickery, delivery, reconnaissance, complicity

53. Sequence of life cycle ceremonies in India
I. Death II. Birth
III. Marriage IV. Puberty
Codes :
(A) II, III, I, IV
(B) IV, III, II, I
(C) II, IV, III, I
(D) I, III, IV, II

54. Identify the profounders of the concepts – multiforms, migration, Indian Oedipus, performance setters – in the order of sequence
I. A.K. Ramanujan
II. Theodor Benfey
III. Louri Honko
IV. S. Blackburn
Codes :
(A) I, III, II, IV
(B) II, IV, III, I
(C) IV, I, II, III
(D) III, II, I, IV

55. Sequence the places associated with the epic Ramayana from North to South
I. Rameshwaram
II. Panchavati
III. Lanka
IV. Ayodhya
Codes :
(A) I, II, III, IV
(B) II, IV, I, III
(C) IV, II, I, III
(D) IV, I, II, III

56. Identify the dance forms from East to West in order of sequence
I. Kalbelia
II. Bihu
III. Garba
IV. Gambhira
Codes :
(A) IV, I, III, II
(B) II, IV, I, III
(C) III, II, IV, I
(D) I, III, II, IV

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. इन पवित्र पर्वतों को दक्षिण से उत्तर भारत के लिए भौगोलिक रूप से क्रम दीजिए :

(A) नल्लामलाई, नीलकांत, सबरीमाला, सह्याद्रि

(B) सह्याद्रि, सबरीमाला, नल्लामलाई, नीलकांत

(C) सबरीमाला, नल्लामलाई, सह्याद्रि, नीलकांत

(D) नीलकांत, सह्याद्रि, सबरीमाला, नल्लामलाई

51. इन शक्ति पीठों को दक्षिण से उत्तर की ओर सही अनुक्रम दीजिए :

(A) कांची, श्री सेलम, कोल्हापुर, मैसूर

(B) कांची, मैसूर, श्री सेलम, कोल्हापुर

(C) कांची, कोल्हापुर, मैसूर, श्री सेलम

(D) मैसूर, कांची, श्री सेलम, कोल्हापुर

52. परीकथाओं के प्रारम्भिक भाग के प्रॉप्पीयन प्रकार्यों को सही अनुक्रम दीजिए :

(A) अनुपरस्थितीयन, निषेध, अतिक्रमण, टोह, निष्पादन, छल, अनिच्छित सहायता

(B) अनुपरस्थितीयन, अतिक्रमण, छल, निषेध, निष्पादन, टोह, अनिच्छित सहायता

(C) अनुपरस्थितीयन, अतिक्रमण, निषेध, निष्पादन, छल, अनिच्छित सहायता, टोह

(D) अनुपरस्थितीयन, अतिक्रमण, निषेध, छल, निष्पादन, टोह, अनिच्छित सहायता

53. भारत में जीवन चक्र समारोहों का सही अनुक्रम बताइए :

I. मृत्यु

II. जन्म

III. विवाह

IV. यौवनागम

कूट :

(A) II, III, I, IV

(B) IV, III, II, I

(C) II, IV, III, I

(D) I, III, IV, II

54. इन अवधारणाओं के संस्थापकों को सही अनुक्रम दीजिए :

बहुरूप, प्रवासन, भारतीय इडिपस, प्रदर्शन निर्धारक

I. ए.के. रामानुजन

II. थियोडोर बेनफे

III. लॉरी होंको

IV. एस. ब्लैकबर्न

कूट :

(A) I, III, II, IV

(B) II, IV, III, I

(C) IV, I, II, III

(D) III, II, I, IV

55. रामायण महाकाव्य से सम्बद्ध इन स्थानों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही अनुक्रम दीजिए

I. रामेश्वरम्

II. पंचवटी

III. लंका

IV. अयोध्या

कूट :

(A) I, II, III, IV

(B) II, IV, I, III

(C) IV, II, I, III

(D) IV, I, II, III

56. इन नृत्यों का पूर्व से पश्चिम सही अनुक्रम दीजिए

I. कालबेलिया

II. बीहू

III. गरबा

IV. गंभीरा

कूट :

(A) IV, I, III, II

(B) II, IV, I, III

(C) III, II, IV, I

(D) I, III, II, IV

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. Correct sequence of Indian folklorists from South to North is

I. Krishnadev Upadhyaya

II. Narayana Rao

III. Hem Barua

IV. Vaanamaamalai

Codes :

(A) IV, II, I, III

(B) II, I, IV, III

(C) III, IV, II, I

(D) I, III, IV, II

58. Give the correct order of Calenderic festivals celebrated in India

I. Baisakhi

II. Deepavali

III. Makara Sankranti

IV. Ganesh Chaturthi

Codes :

(A) I, III, IV, II

(B) II, IV, I, III

(C) III, I, IV, II

(D) III, II, I, IV

59. Correct sequence of Indian folklorists is

(A) Jawaharlal Handoo, Ravinder Bhramar, Satyendra, Devendra Satyarthi

(B) Satyendra, Jawaharlal Handoo, Devendra Satyarthi, Ravinder Bhramar

(C) Ravinder Bhramar, Satyendra, Jawaharlal Handoo, Devendra Satyarthi

(D) Devendra Satyarthi, Satyendra, Ravinder Bhramar, Jawaharlal Handoo

60. Identify the correct order of genres put according to the stages of childhood to death

(A) crying songs, play songs, puberty songs, lullaby

(B) play songs, puberty songs, crying songs, lullaby

(C) lullaby, play songs, puberty songs, crying songs

(D) lullaby, play songs, crying songs, puberty songs

61. Match the following :

	List – I	**List – II**
I.	Binary opposites	1. Kaarrle Krohn
II.	Comparative Philology	2. Levi Strauss
III.	Historical-Geographical Method	3. Richard Bauman
IV.	Performance Approach	4. Max Muller

Codes :

	I	II	III	IV
(A)	4	3	2	1
(B)	2	4	1	3
(C)	2	3	4	1
(D)	1	3	2	4

62. Match the following :

	List – I	**List – II**
I.	Guru Granth Sahib	1. Judaism
II.	Talmud	2. Buddhism
III.	Zend-Avesta	3. Zoroastri-anism
IV.	Dhammapada	4. Sikhism

Codes :

	I	II	III	IV
(A)	4	1	3	2
(B)	3	2	1	4
(C)	2	4	3	1
(D)	1	3	4	2

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. इन भारतीय लोकवार्ताकारों को दक्षिण से उत्तर की ओर सही अनुक्रम दीजिए :

I. कृष्णदेव उपाध्याय

II. नारायण राव

III. हेम बरुआ

IV. वानामामलाई

कूट :

(A) IV, II, I, III

(B) II, I, IV, III

(C) III, IV, II, I

(D) I, III, IV, II

58. भारत में मनाए जाने वाले इन त्योहारों को पंचांग (केलैण्डर) के अनुसार सही क्रम दीजिए :

I. बैसाखी

II. दीपावली

III. मकर संक्रांति

IV. गणेश चतुर्थी

कूट :

(A) I, III, IV, II

(B) II, IV, I, III

(C) III, I, IV, II

(D) III, II, I, IV

59. इन भारतीय लोकवार्ताकारों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) जवाहरलाल हांडू, रवीन्द्र भ्रमर, सत्येन्द्र, देवेन्द्र सत्यार्थी

(B) सत्येन्द्र, जवाहरलाल हांडू, देवेन्द्र सत्यार्थी, रवीन्द्र भ्रमर

(C) रवीन्द्र भ्रमर, सत्येन्द्र, जवाहरलाल हांडू, देवेन्द्र सत्यार्थी

(D) देवेन्द्र सत्यार्थी, सत्येन्द्र, रवीन्द्र भ्रमर, जवाहरलाल हांडू

60. बचपन से मृत्यु तक की अवस्थाओं से जुड़ी इन विधाओं को सही अनुक्रम दीजिए :

(A) क्रंदन गीत, क्रीड़ा गीत, यौवनागम गीत, लोरी

(B) क्रीड़ा गीत, यौवनागम गीत, क्रंदन गीत, लोरी

(C) लोरी, क्रीड़ा गीत, यौवनागम गीत, क्रंदन गीत

(D) लोरी, क्रीड़ा गीत, क्रंदन गीत, यौवनागम गीत

61. सुमेलित कीजिए :

सूची – I		**सूची – II**
I. द्विचर विरोधी	1.	कार्ले क्रोह्न
II. तुलनात्मक भाषाशास्त्र	2.	लेवी-स्ट्रॉस
III. ऐतिहासिक-भौगोलिक पद्धति	3.	रिचर्ड बौमेन
IV. प्रदर्शन उपागम	4.	मैक्स मूलर

कूट :

	I	II	III	IV
(A)	4	3	2	1
(B)	2	4	1	3
(C)	2	3	4	1
(D)	1	3	2	4

62. सुमेलित कीजिए :

सूची – I		**सूची – II**
I. गुरु ग्रंथ साहिब	1.	यहूदी धर्म
II. तालमुद	2.	बौद्ध धर्म
III. जेंद-एवेस्ता	3.	पारसी धर्म
IV. धम्म पद	4.	सिख धर्म

कूट :

	I	II	III	IV
(A)	4	1	3	2
(B)	3	2	1	4
(C)	2	4	3	1
(D)	1	3	4	2

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

63. Match the following :

	List – I		List – II
I.	Tribal Heritage of India	1.	Sankar Sen Gupta
II.	Folk Theatre of India	2.	J. Handoo
III.	Folklore Research in India	3.	Balwant Gargi
IV.	A Bibliography of Indian Folk Literature	4.	S.C. Dube

Codes :

	I	II	III	IV
(A)	3	2	1	4
(B)	2	3	4	1
(C)	4	3	1	2
(D)	1	4	2	3

64. Match the following :

	List – I		List – II
I.	Tulu	1.	Palnadu
II.	Manipuri	2.	Annanmaar Swami Kathai
III.	Tamil	3.	Siri
IV.	Telugu	4.	Khamba Thoibi

Codes :

	I	II	III	IV
(A)	4	3	1	2
(B)	3	4	2	1
(C)	2	4	3	1
(D)	1	2	4	3

65. Which one of the following pairs is correctly matched ?

(A) Bhishma – Ramayana

(B) Manthara – Mahabharata

(C) Kalidasa – Kumara Sambhavam

(D) Karna – Bhagwat Puran

66. Which one of the following pairs is correctly matched ?

(A) Peter Claus – Performance Studies

(B) Alan Dundes – Fables of the ancients

(C) Levi-Strauss – Narrative inquiry

(D) Benjamin Cohen – Deathlore

67. Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Research that aims at finding a solution for an immediate problem facing a society is – Applied Research

(B) Research that concerns with generalizations to formulate a theory is – Fundamental Research

(C) Research that relate to some abstract idea or theory is – Conceptual Research

(D) Research that relies on experience alone is – Scientific Research

68. Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Janapada – Kannada

(B) Lok Sanskriti – Manipuri

(C) Lok Sahitya – Bengali

(D) Lokavarta – Hindi

www.prepp.in

63. सुमेलित कीजिए :

सूची – I		सूची – II
I. ट्राइबल हेरिटेज़ ऑफ इंडिया	1.	शंकर सेन गुप्ता
II. फोक थियेटर ऑफ इंडिया	2.	जे. हांडू
III. फोकलोर रिसर्च इन इंडिया	3.	बलवन्त गार्गी
IV. बिब्लोग्राफी ऑफ इंडियन फोक लिट्रेचर	4.	एस.सी. दुबे

कूट :

	I	II	III	IV
(A)	3	2	1	4
(B)	2	3	4	1
(C)	4	3	1	2
(D)	1	4	2	3

64. सुमेलित कीजिए :

सूची – I		सूची – II
I. टुलु	1.	पलनादु
II. मणिपुरी	2.	अन्नामार स्वामी कथाई
III. तमिल	3.	सिरी
IV. तेलुगु	4.	खम्बा थोइबी

कूट :

	I	II	III	IV
(A)	4	3	1	2
(B)	3	4	2	1
(C)	2	4	3	1
(D)	1	2	4	3

65. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(A) भीष्म – रामायण

(B) मंथरा – महाभारत

(C) कालिदास – कुमार संभव

(D) कर्ण – भगवद् पुराण

66. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(A) पीटर क्लॉस – प्रदर्शन अध्ययन

(B) एलन डूंडिस – पूर्वजों की कहानियाँ

(C) लेवी-स्ट्रॉस – आख्यानपरक पड़ताल

(D) बैंजामिन कोहेन – मृत्यु-वार्ता

67. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(A) वह शोध जो समाज के समक्ष तात्कालिक समस्या का समाधान खोजने का लक्ष्य रखता है	–	अनुप्रयुक्त शोध
(B) वह शोध जो किसी सिद्धांत को सूत्रबद्ध करने के लिए सामान्यीकरण पर केंद्रित होता है	–	आधारमूर्त शोध
(C) वह शोध जो किसी अमूर्त विचार या सिद्धांत से सम्बद्ध होता है	–	अवधारणात्मक शोध
(D) वह शोध जो केवल अनुभव पर निर्भर होता है	–	वैज्ञानिक शोध

68. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(A) जनपद – कन्नड़

(B) लोकसंस्कृति – मणिपुरी

(C) लोक साहित्य – बंगला

(D) लोकवार्ता – हिंदी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

69. Which one of the following pairs is <u>not</u> correctly matched ?

(A) Balinese cockfight – Clifford Geertz

(B) Anthropology of Experience – Victor Turner

(C) Narrative Identity – Focault

(D) Heteroglossia – Bakhtin

70. Which one of the following pairs (festival and the place) is correctly matched ?

(A) Bonalu – Odisha

(B) Raja Parba – Manipur

(C) Shigmo – Goa

(D) Pongal – Rajasthan

71. Which two of the following pairs are correctly matched ?

I. Ugadi – Chaitramasa

II. Madelpuranam – Caste myth of weavers

III. Indian Oedipus – Margaret Mills

IV. Gadamer – Philosophical Hermeneutics

Codes :

(A) I and III

(B) I and II

(C) III and IV

(D) I and IV

72. Which one of the following pair is <u>not</u> correctly matched ?

(A) In research method, purposive selection of particular units – Deliberate sampling

(B) Selection of entire units – Systematic sampling

(C) Each and every unit has an equal chance of inclusion – Simple random sampling

(D) If the units do not constitute a homogenous group – Stratified sampling

73. Which one of the following pairs is correctly matched ?

(A) Tales ending with a question are – Fairy tales

(B) Tales ending with a question are – Supernatural tales

(C) Tales ending with a question are – Dilemma tales

(D) Tales ending with a question are – Numskull tales

74. Which one of the following pairs is <u>not</u> correctly matched ?

(A) Alan Dundes – America

(B) Marcel Mauss – France

(C) Louri Honko – Finland

(D) Radcliffe Brown – Germany

75. Which one is <u>not</u> correctly matched ?

(A) Tamasha is social type of folk drama of Maharashtra.

(B) Jatra is a socio-religious folk drama of Bengal

(C) Nautanki is religious folk drama of Gujarat

(D) Raslila is religious folk drama of Uttar Pradesh

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

69. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) बाली का कुक्कुट युद्ध – क्लिफोर्ड ग्रिज़

(B) अनुभव का नृविज्ञान – विक्टर टर्नर

(C) आख्यानपरक अस्मित – फोकौल्ट

(D) विषम भाषीयता – बाख्तीन

70. इनमें से कौन सा युग्म (उत्सव और स्थल) सुमेलित है ?

(A) बोनालू – ओडिशा

(B) राजपर्ब – मणिपुर

(C) शिगमो – गोवा

(D) पोंगल – राजस्थान

71. इनमें से कौन से दो युग्म सुमेलित हैं ?

I. उगाडी – चैत्रमास

II. मादेलपुरणम – बुनकरों का जाति-मिथक

III. इंडियन इडिप्स – मार्ग्रेट मिल्स

IV. गार्डेमर – दार्शनिक शास्त्रमीमांसा

कूट :

(A) I और III

(B) I और II

(C) III और IV

(D) I और IV

72. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A)	शोध विधि में विशेष इकाइयों का सप्रयोज़न चयन	– सोद्देश्य नमूना संग्रह
(B)	सभी इकाइयों का चुनाव	– सुव्यवस्थित नमूना संग्रह
(C)	प्रत्येक इकाई को समावेश का समान अवसर	– साधारण यादृच्छिक नमूना संग्रह
(D)	इकाई के समरूप समूह के निर्माण न करने की स्थिति	– स्तरित नमूना संग्रह

73. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(A)	प्रश्न पर समाप्त होने वाली कथा	– परीकथा
(B)	प्रश्न पर समाप्त होने वाली कथा	– अतिप्राकृत कथा
(C)	प्रश्न पर समाप्त होने वाली कथा	– दुविधा कथा
(D)	प्रश्न पर समाप्त होने वाली कथा	– मूर्ख-कथा

74. इनमें से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) एलन डूंडिस – अमेरीका

(B) मार्सेल मौस – फ्रांस

(C) लौरी होंको – फिनलैंड

(D) रेडक्लीफ ब्राऊन – जर्मनी

75. इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) तमाशा महाराष्ट्र के लोक-नाटक का सामाजिक प्ररूप है ।

(B) जात्रा बंगाल का सामाजिक धार्मिक लोक-नाटक है ।

(C) नौटंकी गुजरात का धार्मिक लोक नाटक है ।

(D) रासलीला उत्तर प्रदेश का धार्मिक लोक नाटक है ।

Space For Rough Work